हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

dku live & dkunews24


www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक–09 : जौनपुर, शुक्रवार 26 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पीएम मोदी शीर्ष पर 75% रेटिंग के साथ विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं को पछाड़ा

नई दिल्ली ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता दुनिया में अब भी कायम है। पीएम मोदी एक बार फिर 75 फीसदी अप्रूवल रेटिंग के साथ दुनिया के नेताओं से आगे निकल गए हैं। वैश्विक रेटिंग में शीर्ष पर हैं। मॉर्निंग कंसल्ट सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। सर्वे के मुताबिक, पीएम मोदी के बाद मैक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर (63%) का नंबर आता है। ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीस (58 फीसदी) तीसरे, इटली के प्रधानमंत्री मारियो ड्रैगी 54 फीसदी अप्रूवल रेटिंग के साथ चौथे स्थान पर रहे। 22 विश्व नेताओं की सूची में स्वीडन की प्रधानमंत्री मेगदालेना एंडरसन को 50 फीसदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को 41 फीसदी रेटिंग मिली है। बाइडन के बाद कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो को 39 फीसदी और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा 38 फीसदी रेटिंग मिली है। मॉर्निंग कंसल्ट पॉलिटिकल इंटेलिजेंस वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, जर्मनी, भारत, मैक्सिको, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्वीडन और संयुक्त राज्य अमेरिका में नेताओं और अनुमोदन रेटिंग पर नजर रख रहा है। इससे पहले नवंबर 2021 और जनवरी 2022 में दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं की सूची में भी प्रधानमंत्री मोदी शीर्ष पर थे। यह मंच राजनीतिक चुनावों, निर्वाचित अधिकारियों और मतदान के मुद्दों पर रीयल–टाइम मतदान डेटा प्रदान करता है। मॉर्निंग कंसल्ट प्रतिदिन 20,000 से अधिक वैश्विक साक्षात्कार आयोजित करता है। वैश्विक नेता



और देश प्रक्षेपवक्र डेटा किसी दिए गए देश में सभी वयस्कों के सात–दिवसीय चलती औसत पर आधारित है। डेटा में +/- 1-4 प्रतिशत का अंतर आ सकता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में औसत सैंपल आकार लगभग 45,000 है। अन्य देशों में सैंपल साइज लगभग 500–5,000 के बीच भी होता है। वयस्कों के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि सैंपल्स के बीच सभी साक्षात्कार ऑनलाइन आयोजित किए जाते हैं। भारत में नमूना साक्षर आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। हर देश में उम्र, लिंग, क्षेत्र और कुछ देशों में आधिकारिक सरकारी स्रोतों व शिक्षा के आधार पर सर्वेक्षणों को महत्व दिया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में सर्वेक्षणों को नस्ल और जातीयता के आधार पर भी महत्व दिया जाता है। उत्तरदाता इन सर्वेक्षणों को अपने देशों के लिए उपयुक्त भाषाओं में पूरा करते हैं।

## राज कॉलेज ने सीओ सिटी को किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजा श्रीकृष्ण दत्त पीजी कॉलेज में एडिशनल/सीओ सिटी जितेंद्र कुमार दुबे का सम्मान समारोह राजा श्रीकृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शंभू राम की अध्यक्षता में किया गया। आपके साथ जनपद के सीओ सदर तथ ट्रैफिक इंस्पेक्टर जेडी शुक्ला जी भी उपस्थित रहे। अपना संबोधन करते हुए राजा श्रीकृष्ण दत्त इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 संजय चौबे ने उनके व्यक्तित्व के बारे में बताते हुए कहा कि इतना सहज एवं सरल व्यक्तित्व के व्यक्ति बहुत ही कम मिलते हैं महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ अखिलेश्वर शुक्ल जी ने कहा कि आपके कुशल प्रशासक के साथ–साथ एक कुशल रचनाकार भी हैं उन्होंने उनकी प्रमुख रचनाओं में गोद में भगवान का विशेष वर्णन किया। कार्यक्रम के अंत में




महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शंभू राम जी ने अपने समापन में उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज के शिक्षक एवं कर्मचारी जिसमें अशोक कुमार तिवारी, डॉ0 बृजेश सिंह, अनिल यादव, प्रेमचंद्र, डॉ० सुधा सिंह, विवेक यादव, डॉ० आशीष शुक्ला, डॉ० चंद्राम्बुज कश्यप, डॉ० अतुल श्रीवास्तव, संजय कुमार सिंह (ओ0एस0), सुधाकर मौर्य, विष्णु कांत तिवारी, डॉ० राजकुमार यादव, अखिलेश गौतम, डॉ0 अनामिका सिंह, डॉ० ज्योत्सना श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन विनय कुमार ओझा ने किया।

## जीएसएम डिफेंस एकेडमी लखनऊ द्वारा सेना अधिकारी बनने के लिए एक और महत्वपूर्ण युक्ति

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जैसा कि पहले बताया गया है कि सर्विस सिलेक्शन बोर्ड में मूल्यांकन के तीन मुख्य पहलू हैं मनसा, वाचा और कर्म। मनोवैज्ञानिक मनसा भाग का मूल्यांकन करता है, साक्षात्कार अधिकारी वाचा और कर्म जीटीओ द्वारा एसेस किया जाता है। मनोवैज्ञानिक आपसे कभी नहीं मिलते, साक्षात्कार अधिकारी आपसे बहुत कम अवधि के लिए मिलते हैं, जबकि आप जीटीओ के साथ लगभग ढाई दिन बिताते हैं। इसलिए, आप जीटीओ परीक्षणों के महत्व को समझ सकते हैं। ये 9 घटनाओं का संकलन है जो एक समूह में काम करने की आपकी क्षमता, एक टीम को प्रभावित करने की क्षमता, समन्वय, सहयोग आदि आदि का आकलन करता है। यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि तीनों मूल्यांकनकर्ता 15 सेना अधिकारी जैसे गुणों में आपका परीक्षण कर रहे हैं। हालांकि, अपने अलग तरीके से। इसलिए इन पहलुओं को विस्तार से समझने के लिए, वरिष्ठ सलाहकारों से संपर्क करें जो अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं। जीएसएम डिफेंस एकेडमी एक ऐसा



ही प्लेटफॉर्म है जो कि लखनऊ में 4 सीनियर आर्मी ऑफिसर्स द्वारा संचालित किया जा रहा है। समय का महत्तवः कर्नल रामेंद्र सिंह जो कि जी एस एम डिफेन्स अकादमी के काउंसलर और मनोवैज्ञानिक हैं उन्होंने एक बहुत दिलचस्प बिंदु पर प्रकाश डाला कि जो ब्यक्ति – 20 वर्ष की आयु पर सुंदर, 30 पर मजबूत, ४0 पर अमीर तथा 50 पर बुद्धिमान नहीं है वह कभी भी सुन्दर, बलवान, धनी और बुद्धिमान नहीं हो सकता, कुछ अपवादों को छोड़कर। इससे हमें एक सबक सीखने की जरूरत है कि हमें अपने सारे काम एक निश्चित समय और योजना के तहत करना चाहिए।

## बेटे ने माता पिता को अगवा करने का लगाया आरोप : सुरेरी थाने में दी लिखित तहरीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय थाना क्षेत्र के पाल्हनपुर गांव निवासी नीरज सरोज ने गुरुवार की दोपहर सुरेरी थाने पर लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि नेवढ़िया थाना क्षेत्र के हथेरा गांव निवासी राहुल सिंह उर्फ मंकु पुत्र राजेश सिंह व रामपुर थाना क्षेत्र के भरथीपुर गांव निवासी अनिल सिंह उर्फ बच्चे लाल पुत्र स्व सवाल सिंह मेरे पिता कमलेश सरोज व माता श्यामा देवी को लगभग एक माह पूर्व अगवा कर अपने कब्जे में रखे हैं। काफी खोजबीन किया गया और खोजबीन के दौरान जब पता चला कि उक्त लोग हमारे माता–पिता को अपने कब्जे में रखे हैं तो मैं इनके पास गया और माता–पिता से बात कराने का निवेदन करने लगा तो दोनों लोगों द्वारा यह कहा गया कि आपके माता–पिता सुरक्षित हैं, और एक–दो दिन में वापस आ जाएंगे। लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी मेरे माता पिता को जबरन अगवा कर अपने कब्जे में रखे रहे। जिसकी लिखित शिकायत पुत्र द्वारा सुरेरी थाने पर दे दी गई है। वहीं पुलिस उक्त मामले में आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सुरेरी श्री प्रकाश राय ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी द्वारा गूगल मीट के माध्यम से पशुओं में हाने वाली बीमारी एल.एस.डी के संबंध में अधिकारियों के साथ की गई बैठक

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गूगल मीट के माध्यम से पशुओं में हाने वाली बीमारी एल.एस.डी के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा० राजेश कुमार ने इस बीमारी के लक्षण के बारे में बताया कि पशुओं में तेज बुखार, आंख नाक से पानी गिरना एवं पूरे शरीर में कठोर चपटे गांठ उभर आना है। उन्होंने बताया कि इस रोग का संचरण विषाणु पशु के लार, विनासिका स्त्राव एवं दूध, मक्खी एवं किलनी के काटने से फैलता है। उन्होंने उपचार के संबंध में बताया कि इस बीमारी में लक्षणात्मक उपचार किया जाता है। 03 से 05 दिनों तक एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग एवं घाव पर एंटीसेप्टिक स्प्रे एवं लोशन का प्रयोग किया जाता है। इस बीमारी के लक्षण समझ में आने पर निकटतम पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचित करे। पशुओं को स्वस्थ पषुओं से अलग करे। सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव करे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बॉर्डर से आने वाले पशुओं को तत्परता से रोका जाए और इसकी मॉनिटरिंग उपजिलाधिकारी के द्वारा किया जाए। उन्होंने कहा कि जोनल एवं सेक्टर अधिकारी की टीम का गठन किया जाए। दवाओं के संबंध में उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि दवाओं की उपलब्धता बनी रहे। इस बीमारी से जागरूक करने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से पशुपालकों को जागरूक किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम द्वारा बैठक में निर्देश दिया गया कि गोआश्रय स्थलों का निरीक्षण नियमित रूप से किया जाए और लक्षण पाए जाने पर निकटतम पशु चिकित्सालय एवं जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 9454417117 पर अवगत कराएं। जिसकी सूचना पशुपालन विभाग के अधिकारी को दी जाएगी एवं पशुपालन विभाग की टीम के द्वारा उपचार एवं सुरक्षात्मक कार्य किए जा सकेंगे। पंचायती राज विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्राम स्तर से सूचना प्राप्त किया जाए एवं सूचना तत्परता से उपलब्ध कराई जाए जिससे इस पर रोकथाम की जा सके। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में अभी इस बीमारी के कोई पशु नहीं मिले है। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय साहनी, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी एवं प्रभागीय निदेशक बन विभाग, समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर में कुल मिले 64 डेंगू संभावित रोगी

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी सिंह में अवगत कराया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर में अभी तक कुल 64 डेंगू संभावित रोगी मिले हैं। संभावित रोगियों का सैम्पल भेजकर जाँच कराने पर कुल 34 रोगी डेंगू धनात्मक पाय गये हैं। उन्होंने बताया है कि डेंगू बुखार एक वायरल बुखार है जो डेंगू वायरस के संक्रमण के कारण होता है। इसका वाहक मच्छर एडीज एजिप्टी है। डेंगू वायरस संक्रमित एडीज एजिप्टी मच्छर द्वारा अस्वस्थ व्यक्ति से स्वस्थ व्यक्ति तक फैलाया जाता है। डेंगू बुखार को हड्डी तोड़ बुखार के नाम से भी जाना जाता है। साधारणतया बरसात के प्रारम्भ में जब मच्छरों का घनत्व अत्यधिक होता है यह रोग महामारी का रूप ले लेता है। उन्होंने बताया है कि डेंगू बुखार के प्रमुख लक्षण तेज बुखार, सिरदर्द, बदन एवं जोड़ों में अत्यधिक दर्द शरीर पर लाल दाने/चक्कते पड़ना, खून की उलटी पेशाब व मल में खून जाना, अत्यधिक घबराहट होना। संक्रमित मच्छर के किसी व्यक्ति को काटने के लगभग 3 से 5 दिनों बाद व्यक्ति में डेंगू बुखार के लक्षण प्रकट हो सकते हैं। डेंगू बुखार तीन प्रकार के होते है– साधारण डेंगू बुखार, डेंगू हीमोरेजिक बुखार (DHF), डेंगू शाक सिन्ड्रोम (DSS) साधारण डेंगू बुखार स्वयं ठीक होने वाली बीमारी है तथा इसमें मृत्यु नहीं होती है। लेकिन यदि DHF एवं DSS का तुरन्त उपचार नहीं किया जाता है तो ये जानलेवा भी हो सकता है। डेंगू रोग को नियन्त्रित करने के लिये सबसे प्रभावी कार्यवाही एडीज मच्छर के घनत्व को न्यूनतम / समाप्त करना है। एडीज मच्छर के प्रजनन स्रोतों को विनष्ट कर इसके घनत्व को सीमित किया जा सकता है। उन्होंने बताया है कि एडीज मच्छर साफ पानी में पनपता है, जैसे कि कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पानी पीने का बर्तन, फ्रिज का ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे बर्तन व टायर इत्यादि। पानी से भरे हुए बर्तनों, टंकियों आदि को ढककर रखें। सप्ताह में एक बार कूलर को खाली करके सुखा दें।यह मच्छर दिन के समय काटता है. ऐसे कपड़े पहनें जो बदन को पूरी तरह ढकें। डेंगू के उपचार के लिए कोई खास दवा या वैक्सीन नहीं है, बुखार उतारने के लिए पैरासीटामॉल ले सकते हैं परन्तु एस्प्रीन या इबुप्रोफेन का इस्तेमाल न करें। तेज बुखार होने पर डॉक्टर की सलाह लें एवं बुखार की सूचना तत्काल आशा को दें।

## निधिवन के वृक्ष रात्रि में गोपियां बन जाते हैं और उस रात में भगवान श्रीकृष्ण यहां रास करते हैं –पुजारी राधेश्याम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कर्म को प्रधान मानकर कर्म के सिद्धांत को के प्रणेता भगवान श्री कृष्ण के लीलास्थली वृंदावन का डॉ. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, अल्लीपुर, हरदोई के छात्र–छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित किया। सर्वप्रथम सभी ने बांके बिहारी के बांके बिहारी मंदिर में दर्शन किए । निधिवन पहुंचे जहां उन्होंने निधिवन के बारे में वहां के पुजारी राधे श्याम ने विस्तृत रूप से जानकारी दी कि निधिवन के वृक्ष रात्रि में गोपियां बन जाते हैं और उस रात में भगवान श्रीकृष्ण यहां रास करते हैं । बाबा हरिदास द्वारा बाके बिहारी मूर्ति के प्रकाट्य स्थल पर माथा टेका। इस्कॉन टेंपल जिसे अंग्रेजों का भी मंदिर कहां जाता है मैं मनमोहक मूर्तियों ने सभी के मन को मोह लिया है । जगदगुरु कृपालुजी महाराज द्वारा बनवाये गये प्रेम मन्दिर की लाइटिंग देखकर सभी प्रफुल्लित और हर्षित हुये। प्रेम मन्दिर



के चारो ओर के कृष्ण के लीलीओ की झांकियों ने शिक्षाप्रद मार्गदर्शन किया । कालीदीह, यमुनातट, राधारानी मन्दिर, बलदाऊ मन्दिर आदि का दर्शन कर ज्ञान प्राप्त किया। भ्रमण मे शिवानी, सुप्रिया , मुकेश, आनन्द , डा शशिकांत, डॉ.रश्मि आदि ने सक्रिय सहभागिता की।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## पीयू में सख्त निगरानी में हुई असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न संकाय के विज्ञापित सहायक आचार्य के पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा 25 अगस्त 2022 गुरुवार को



विश्वविद्यालय परिसर स्थित नवीन केंद्रीय मूल्यांकन भवन में तीन पालियों में कराई गई। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य का सख्त निर्देश है कि विश्वविद्यालय की हर परीक्षा सुचिता के साथ हो। उन्होंने परीक्षा से संबंधित सभी केंद्राध्यक्ष को निर्देश दिया है की परीक्षा नकलविहीन हो और विद्यार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। सहायक प्रोफेसर की लिखित परीक्षा के अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसके लिए एक दिन पूर्व ही कुलपति, कुलसचिव और सहायक कुलसचिव की टीम ने केंद्रीय मूल्यांकन भवन का निरीक्षण किया। केंद्राध्यक्ष प्रोफेसर बीबी तिवारी ने कहा है कि पहली पाली 11:00 से 12:00 बजे एमबीए कंप्यूटर साइंस मैथमेटिक्स रिन्यूएबल एनर्जी द्वितीय पाली 1:00 से 2:00 एमबीई बायोटेक्नोलॉजी तृतीय पाली में 3:00 से 4:00 बजे एमएचआरडी की परीक्षा कराई गई। प्रवेश परीक्षा में कुल 462 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा की सुचिता के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए दो सहायक केंद्राध्यक्ष प्रोफेसर रजनीश भास्कर और डॉ अमरेंद्र सिंह बनाए गए हैं। इस बार कक्ष निरीक्षकों को भी परिचय पत्र जारी किया गया है। पूरी परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई। इसके अतिरिक्त इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत पर दो–दो साक्ष्य प्रस्तुत किया जा सके।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के मिरशादपुर गांव के पास परमहंस गेट के सामने फोरलेन पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अज्ञात 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह 7:30 बजे की है। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंच गए । दुर्घटना में क्षत–विक्षत शव को एकत्र कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गए । लोगों ने आशंका जताई है कि महिला शुक्रवार को बाबा परमहंस धाम पर दर्शन पूजन करने जा रही थी सड़क पार करते समय किसी तेज रफ्तार से जा रही अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस उसके कपड़े चप्पल आदि से पहचान कराने में जुटी हुई है। घटना के दौरान अगल बगल के 100 से अधिक लोग मौके पर इकट्ठा हो गए थे।

## भाजपा के जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल मौर्य के बेटे और बेटी ने की आत्महत्या : मचा हड़कंप

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना समाने आई है। यहां भाजपा के जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल मौर्य के बेटे व बेटी ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। दोनों का शव जिला अस्पताल में है। घटना की सूचना मिलते ही शुभचिंतको की भीड़ जुट गई। जिला अस्पताल में सैकड़ों की संख्या में लोग जुटे हुए हैं। अभी तक आत्महत्या का कारण नहीं पता चला है। बताया जा रहा है कि खजनी थाना क्षेत्र के रामपुर मलौली निवासी छोटेलाल मौर्य भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हैं। शुक्रवार सुबह घर के कमरे में पुत्री पूनम (23) और पुत्र सोनू (20) का शव फंदे से लटकटा मिला। यह देख परिजनों की हालत खराब हो गई। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत की असल वजह पता चल पाएगी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

आध्यात्मिकता में सर्व समस्याओं का समाधान निहित है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

# सम्पादकीय

## बाढ़ के बीच पाकिस्तान में सियासी उफान : सरकार और सेना के मुखिया आमने–सामने

पाकिस्तान में चाहे जो कुछ भी संभव हो, बाजवा के लिए एक और विस्तार मुश्किल है, क्योंकि वह अपने प्रवक्ता के जरिये सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि वह नवंबर में रिटायर हो जाएंगे। इधर, असली खबर को न केवल सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा भी नजरंदाज किया जा रहा है और उसे महत्वहीन ढंग से प्रसारित किया जा रहा है।

यदि कोई यह देखे कि पाकिस्तान में ट्विटर में क्या ट्रेंड कर रहा है, तो उसे पता चलेगा कि यहां के नागरिक दो भिन्न ग्रहों में रह रहे हैं। ट्विटर पर यह ट्रेंड कर रहा है– 'इस हाथ दे, उस हाथ ले : नवाज शरीफ की अयोग्यता को उलटने के बदले जनरल बाजवा को एक और विस्तार, ताकि वह कानूनी रूप से राजनीति में लौट सकें?' हाल ही में लंदन में जनरल बाजवा की पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल–एन) के नेता नवाज शरीफ से मुलाकात की रिपोर्ट्स आने के बाद सोशल मीडिया में लोग यह जानने को उत्सुक हैं कि दोनों के बीच किस तरह का सौदा हुआ है।

दूसरी ओर आर्मी के प्रवक्ता जनरल बाबर ने पूछे जाने पर किसी तरह की मुलाकात को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की। इस अपुष्ट सौदे के मुताबिक नवाज शरीफ लंदन में अपना स्व–निर्वासन खत्म कर पाकिस्तान लौटेंगे और राजनीति में सक्रिय होंगे। आम सहमति यह है कि पाकिस्तान तहरीक इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष को आगे बढ़ने और राजनीतिक परिदृश्य पर कब्जा करने से रोकने का एकमात्र तरीका नवाज शरीफ की वापसी उनके कार्यकर्ताओं और समर्थकों को फिर से जीवंत कर देगी और इससे इमरान खान का जनाधार खिसक जाएगा।

इसके बदले में जनरल बाजवा को एक और विस्तार मिलेगा। हालांकि पाकिस्तान में चाहे जो कुछ भी संभव हो, बाजवा के लिए एक और विस्तार मुश्किल है, क्योंकि वह अपने प्रवक्ता के जरिये सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि वह नवंबर में रिटायर हो जाएंगे। लेकिन पाकिस्तान में सच्चाई एकदम भिन्न है और असली खबर को न केवल सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा भी नजरंदाज किया जा रहा है और उसे महत्वहीन ढंग से प्रसारित किया जा रहा है।

पाकिस्तान का बड़ा हिस्सा मूसलाधार बारिश में डूबा हुआ है, जिसमें बलूचिस्तान तथा सिंध प्रांत सर्वाधिक प्रभावित हैं। सिंधु नदी का पानी 5,00,000 क्यूसेक बढ़ गया है और अगले कुछ दिनों में इसके 7,00,000 क्यूसेक के निशान को छू लेने का अंदेशा है। मैंने हाल ही में ट्वीट किया था, 'न तो कोई भी सरकार और न ही कोई राजनीतिक दल अकेले अपने दम पर देश भर में आई इस आपदा से निपट सकता है। पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ही लोगों के बीच मौजूद हैं, जबकि और अधिक बारिश का अनुमान जताया जा रहा है।

मानवता को इमरान खान और उनके नेतृत्व के खिलाफ एफआईआर दर्ज करनी चाहिए, जो कि इस संकट के समय में गायब हैं।' कई महीनों से जारी इस आपदा में इमरान खान और उनकी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी ने अब तक एक बयान भी जारी नहीं किया कि उनके कार्यकर्ता फंड एकत्र करें और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर गरीब लोगों की मदद करें। दरअसल इमरान खान को बलूचिस्तान और सिंध की परवाह नहीं है, क्योंकि इन प्रांतों में उनकी पार्टी की सरकारें नहीं हैं।

पाकिस्तान में जलवायु परिवर्तन अब एक वास्तविकता है, जिसने देश को बुरी तरह प्रभावित किया है और सरकार अपनी तैयारियों में कमी को लेकर कोई भी बहाना नहीं बना सकती। जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने कहा, 'पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश से कल तक 830 लोगों की मौत हो चुकी थी और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। देश में बारिश ने भारी तबाही मचा रखी है। हमें व्यक्तिगत राजनीति में उलझने के बजाय अभी लोगों तक मानवीय मदद पहुंचाने के बारे में ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।'

बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। अनेक गांव बाढ़ में पूरी तरह से बह गए, यहां तक कि छोटे बच्चों को भी बाढ़ अपने साथ बहा ले गई। बहुत से लोग बेघर हो गए हैं और कई तो ऐसे दूरस्थ क्षेत्रों में फंसे हुए हैं, जो पूरी तरह से कट गए हैं और वहां तक राहत पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। मौत और विनाश का कहर जारी है, जो आजीविका को नष्ट कर रहा है और पूरी बस्तियों को नष्ट कर रहा है। हाल के उपचुनावों के बाद पहली बार पंजाब प्रांत की सत्ता पीटीआई के हाथों में आई है, जो कि नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग के लिए एक झटका है, दशकों से जो इसे नियंत्रित कर रही थी।

बाढ़ की आपदा जिसने पाकिस्तान को बुरी तरह प्रभावित किया है, और जिसकी वजह से शाहबाज शरीफ सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मदद की गुहार भी लगाई है, पंजाब प्रांत और केंद्र सरकार के बीच खींचतान जारी है। पूर्व राजदूत डॉ. मलीहा लोधी कहती हैं, 'पंजाब की प्रांतीय सरकार और केंद्र के बीच जारी टकराव ने राजनीतिक अव्यवस्था पैदा कर दी है। राजनीतिक लाभ लेने की उनकी कोशिशें उन्हें उलटी दिशा में ले जा रही है, और यह सब देश की आर्थिक स्थिरता को कमजोर करने की कीमत पर हो रहा है।'

फिलहाल इमरान खान अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए अदालतों के अंदर और बाहर लड़ रहे हैं, क्योंकि उनके खिलाफ कई मजबूत मामले हैं, जिससे उनके राजनीतिक करियर को खतरा है। उन पर आतंक फैलाने का आरोप लगाया गया है, क्योंकि उन्होंने न्यायाधीशों और पुलिस को धमकी दी। उन पर अदालत की अवमानना के आरोप हैं। भ्रष्टाचार के आरोप हैं कि उन्होंने तोशखाना से उपहार ले लिए और उन्हें विदेशों में बेच दिया। यहां तक कि चुनाव आयोग का मानना है कि इमरान ने विदेशी फंडिंग मामले में धन की घोषणा नहीं की थी। ये आलोचनाएं भी हो रही हैं कि अदालत ने उनके खिलाफ उस तरह की कड़ी कार्रवाई नहीं की है, जैसा कि उसने अन्य राजनीतिकों के खिलाफ की हैं।

लेकिन अब बहुत गंभीर आरोपों और मामलों की सुनवाई उच्च न्यायपालिका में होने से क्या इमरान खान को सजा सुनाई जाएगी? इमरान खान ने अपनी लोकप्रियता बरकरार रखी है और उनके समर्थकों को किसी भी अदालती मामले या आलोचना से फर्क नहीं पड़ रहा है। उनका वोट बैंक लगातार मजबूत हो रहा है, जिसके चलते इस हफ्ते तब लोग हैरत में पड़ गए, जब उपचुनाव में कराची की एक सीट जीत ली। विश्लेषक और टिप्पणीकार मुशर्रफ जैदी कहते हैं, 'युवाओं में इमरान खान का आकर्षण कायम है। वह मौलिक रूप से पाकिस्तान को बदलने के लिए आए थे, क्योंकि पाकिस्तानी यथास्थिति से थक चुके थे।'

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## वर्तमान युग तीव्र प्रतिस्पर्धा का है और ज्ञान से ही हम आगे बढ़ सकते हैं

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया दीक्षारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ) सलील चन्द्रा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर जे. एन. पी. जी. कॉलेज, लखनऊ, लखनऊ विश्वविद्यालय थे। प्रो. सलील चन्द्रा ने अपने मुख्य अतिथिय उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में विद्यार्थियों को समय के साथ परिवर्तन लाना होगा और उसके लिए अपने अन्दर कौशल का विकास करना होगा। दीक्षारंभ कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि डॉ. रश्मि सोनी, प्रोफेसर एण्ड हेड ऑफ एजुकेशन डिपार्टमेंट, जे.एन. पी. जी. कॉलेज, लखनऊ ने कहा कि विद्यार्थियों में बुद्धिमानी के साथ समझदारी का विकास होना नितांत आवश्यक है। विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सेल्फ रिस्पांसबिलिटी, अलर्टनेस जैसे गुणों का विकास बहुत अहम है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अनूप श्रीवास्तव, मैनेजर, महर्षि विद्या मंदिर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग तीव्र प्रतिस्पर्धा का है और ज्ञान से ही हम आगे बढ़ सकते हैं। ज्ञान जो वर्तमान समय की महाशक्ति है। महर्षि यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. भानू प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। महर्षि यूनिवर्सिटी के कुलसचिव, प्रो. अखण्ड प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को उनके उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखने के लिए बधाई प्रेषित की। महर्षि विश्वविद्यालय



के अधिष्ठाता शैक्षणिक, डॉ, सपन अस्थाना ने विद्यार्थियों को दीक्षारंभ कार्यक्रम में स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम के महत्व के बारे में बताया और कहा कि स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय से जुड़े सभी रूल, रेगुलेशन एवं कक्षाओं के विषय में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करने का एक सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। कार्यक्रम का संचालन द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी पायल वाधवा और आकाश शुक्ला ने बहुत ही रोचक ढंग से किया। सीनियर विद्यार्थियों ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के संकायाध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के अन्त में सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। दीक्षारंभ कार्यक्रम में डीन स्कूल ऑफ साइंस, डॉ. रमाकांत, डिप्टी डीन स्कूल ऑफ फार्मेसी, सचिन निखेरा, डीन स्कूल ऑफ इन्जीनिरिंग, डॉ. कल्याण अचरज्या, डिप्टी डीन स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज, डॉ. रूपम सिंह, आर. पी. सिंह, अवनीश कुमार सिंह, डॉ. विजय कुमार, डॉ. सन्ध्या सिन्हा, मीनाक्षी नाग, रश्मि राकेश, रितिका कौशिक, रिशिका कौशिक, डॉ. हिमानी कुलश्रेष्ठा, अल्का श्रीवास्तव सहित सभी लोग उपस्थित थे।

# राजधानी लखनऊ में हुई प्रदेश सर्राफा एसोसिएशन की बैठक संपन्न


मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : स्वर्ण एवं रजत व्यापार में आ रही जटिलताओं को देखते हुए आज से लगभग 4 माह पूर्व प्रदेश सराफा एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल भारत के यशस्वी रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ सिंह जी से मिला और उन्हें व्यापार में आ रही जटिलताओं के संबंध में अवगत कराया । समय समय पर जब भी सर्राफा व्यवसाय में किसी प्रकार की शासकीय दिकते आई हैं तो माननीय जी ने उसको हाल कराने में भरपूर सहयोग दिया है । इस वर्ष भी माननीय जी ने तत्काल समाधान करते हुए व्यापार को भारत सरकार की योजना इज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत सरलीकरण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करी द्य अतः दिनांक 27 अगस्त 2022 को सायंकाल 6:00 बजे होटल रेगनेंट निराला नगर में उत्तर प्रदेश सर्राफा एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन माननीय श्री राजनाथ सिंह जी का एक सम्मान समारोह आयोजित कर रहा है जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री माननीय बृजेश पाठक जी , एमएलसी माननीय मुकेश शर्मा जी ,भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष माननीय अभिषेक खरे, व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा राहुल गुप्ता जी का अभिनंदन किया जाएगा द्य अभिनंदन करने के लिए पुणे सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष




श्री फतेहचंद राका जी ,जीजेसी के डायरेक्टर श्री आशीष पेठे जी, दिल्ध्ली सर्राफा एसोसिएशन के प्रधान श्री योगेश सिंघल जी ,उत्तर प्रदेश सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री महेश चंद जैन, महामंत्री रिंद्र नाथ रस्तोगी, उपाध्यक्ष राजन रस्तोगी, संरक्षक कैलाश चंद जैन प्रदेश संयोजक कैलाश नाथ अग्रवाल ,महामंत्री प्रदीप कुमार अग्रवाल, महामंत्री रवीश अग्रवाल ,कार्यक्रम संयोजक डॉ राजकुमार वर्मा आदेश कुमार जैन संजय गुप्ता बबलू , विशाल निगम आदि उपस्थित रहेंगे ,साथ ही उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए पदाधिकारी गण और जिला संयोजक भी उपस्थित रहेंगे ।

# कान्हा के ब्रज के कायाकल्प के लिए खर्च होंगे 16 हजार करोड़ : मथुरा–वृंदावन बाईपास परियोजना मंजूर

लखनऊ ब्यूरो : सनातन संस्कृति में ब्रज की 84 कोसीय परिक्रमा को मोक्षदायिनी माना जाता है। पौराणिक आख्यानों के अनुसार यह विश्वास किया जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने मैया यशोदा और नंदबाबा के दर्शनों के लिए सभी तीर्थों को ब्रज में ही बुला लिया था। 84 कोस की परिक्रमा लगाने से 84 लाख योनियों से छुटकारा मिलता है। सरकार 84 कोसीय परिक्रमा की इस शास्त्रीय जन आस्था को नवाकार देने में, श्रद्धालुओं के लिए सुविधा बढ़ाने में जुटी हुई है। ब्रज का परिक्रमा मार्ग शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर की नजीर बनने जा रहा है। सरकार की मंशा के अनुरूप भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा राधा–कृष्ण की लीला स्थली में 84 कोसीय परिक्रमा मार्ग के विकास की योजना स्वीकृत की गई है। इसका डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने का कार्य प्रगति पर है। योजना की अनुमानित लागत 9000 करोड़ रुपये है। इसी तरह भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा मथुरा–वृंदावन बाईपास परियोजना को भी मंजूरी प्रदान की गई है। इसका भी डीपीआर बनाने का कार्य प्रगति पर है। योजना की अनुमानित लागत करीब 6100 करोड़ रुपये है । 850 करोड़ की लागत से रेल से मथुरा–वृंदावन को जोड़ने की तैयारी देश–विदेश के श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए मथुरा से वृंदावन को जोड़ने वाली 12.8 किमी रेल लाइन का पुनर्विकास किया जाना भी प्रस्तावित है। इसकी अनुमानित लागत 850 करोड़ रुपये है। रेल लैण्ड डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा प्री–फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है। एक–एक कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलने की मान्यता मान्यता है कि ब्रज भूमि पर परिक्रमा लगाने से एक–एक कदम पर जन्म–जन्मांतर के पाप



नष्ट हो जाते हैं। सनातनी शास्त्रों में यह भी कहा गया है कि इस परिक्रमा के करने वालों को एक–एक कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। साथ ही जो व्यक्ति इस परिक्रमा को लगाता है, उस व्यक्ति को निश्चित ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके महात्म्य का वर्णन वेदों एवं पुराणों में भी मिलता है। गर्ग संहिता में यह आख्यान मिलता है कि यशोदा मैया और नंदबाबा ने एक बार भगवान श्रीकृष्ण से चार धाम की यात्रा की इच्छा जाहिर की। उनकी अधिक हो चुकी आयु के दृष्टिगत प्रभु ने सभी तीर्थों व चारों धामों का आह्वान कर उन्हें ब्रज के 84 कोस की भूमि के दायरे में प्रतिष्ठित कर दिया। मैया यशोदा और नंदबाबा ने 84 कोसीय परिक्रमा कर आत्मीय संतुष्टि को प्राप्त किया। तभी से ब्रज में 84 कोस की परिक्रमा की शुरुआत मानी जाती है। करीब 268 किलोमीटर की यह परिक्रमा उत्तर प्रदेश के अलावा राजस्थान एवं हरियाणा से होकर गुजरती है। वाराह पुराण के अनुसार धरती के 66 अरब तीर्थ चातुर्मास में ब्रज क्षेत्र में निवास करते हैं। लिहाजा इसकी परिक्रमा करने वालों को 84 लाख योनियों से मुक्ति मिल जाती है।

## मिशन शक्ति के तहत गोष्ठी कर महिलाओं को किया जागरूक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत दौलत यारपुर में मिशन शक्ति की गोष्ठी की गई महिला आरक्षी दिव्या द्विवेदी और दिव्या शुक्ला द्वारा स्कूल जाने वाली छात्राओं व महिलाओं को उत्पीड़न, मोबाइल हैंगिंग, आदि जैसी घटनाओं से परेशानी होने पर तत्काल डायल 112 ,1090,व सी यूजी नम्बर 9454403562 सूचना दे तथा मिशन शक्ति कार्यक्रम में गरीब बच्चों को कोल्ड ड्रिंक और नमकीन बांटी गयी तथा मौके पर उपस्थित संगीता पत्नी मुंशी ने बताया कि उनकी लड़की पढ़ना चाहती हैं लेकिन पति दोनों पैरों से विकलांग होने के कारण कुछ कर नहीं पाते हैं इसलिए पैसे नहीं है और अंजली स्कूल नहीं जा पा रही है तब महिला आरक्षी दिव्या द्विवेदी और कांस्टेबल



रजनीश शुक्ला द्वारा अंजलि की पढ़ाई और एडमिशन तथा किताबें खरीद कर दी और आगे आगे पढ़ाई की पूरी जिम्मेदारी ली इस मौके पर निधि सिंह ,किरण , निहारिका बाजपेई पूजा , प्रतिमा गुप्ता ,रुबीना, निर्मला आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

## श्री गुरू ग्रन्थ साहिब के 419वें पहले प्रकाश पर्व के कार्यक्रम आरम्भ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। साहिब श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी महाराज का 419वां पहला प्रकाश पर्व सेवक जत्थे एवं श्री गुरु सिंह सभा की ओर से ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी, नाका हिण्डोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया जा रहा है। यह जानकारी लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने दी। सिक्ख सेवक जत्थे के अध्यक्ष राजवंत सिंह बग्गा ने बताया कि प्रातः का दीवान 5.00 बजे आरम्भ हुआ जिसमें शबद कीर्तन गायन करते श्रद्धलुओं के पीछे फूलों की बरखा एवं सुगन्ध से भरे वातावरण में फूलों से सुसज्जित भव्य पालकी साहिब में विराजमान साहिब श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी महाराज को पुरूष, महिलाएं तथा बच्चे अपने कन्धों पर उठाकर वाहिगुरू का जाप कर रहे थे। सुखमणि साहिब सेवा सोसायटी, दशमेश सेवा सोसायटी और सिक्ख यंग मेंस एसोसिएशन के सदस्यों ने भी गुरबाणी कीर्तन का गायन किया शबद चौकी के कार्यक्रम के उपरान्त श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी का प्रकाश दरबार हाल में फूलों और एवं बिजली की झालरों से सुसज्जित भव्य संगमरमर की पालकी में किया गया उसके उपरान्त श्री अखण्ड पाठ शुभारम्भ हुआ जो लगातार 48 घन्टे तक चलेगा तत्पश्चात भाई हजूरी रागी राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुर वाणी में ''सभ सिक्खन को हुकुम



है गुरू मान्यो ग्रंथ '' एवं पवित्र आसा दी वार का अमृतमयी शबद कीर्तन गायन किया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी की महिमा का व्याख्यान करते हुए बताया कि गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज का सबसे पहले प्रकाश गुरु अर्जन देव जी ने श्री हरमंदिर साहिब अमृतसर साहिब में 1604 को किया था और बाबा बुड्ढा जी को पहला मुख्य ग्रंथि बनाया गया था। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दीवान की समाप्ति के उपरान्त ब्रेड छोले, चाय नाश्ता का लंगर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।

## करोड़ों के मुआवजे से जुड़े घपलेबाजी मामले में दाना–पानी रेस्टोरेंट संचालक संजीव वर्मा समेत अन्य आरोपियों पर चलेगा मुकदमा

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : कल हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह की बेंच ने आरोपियों को राहत देना उचित न मानते खारिज कर दी याचिका,सीजेएम कोर्ट की कार्यवाही को माना जाय 'संजीव वर्मा के भाई राजीव वर्मा व नितिन वर्मा समेत अन्य की तरफ से सीजेएम कोर्ट से जारी एनबीडब्ल्यू आदेश को दी गई थी हाईकोर्ट में चुनौती,छह मार्च 2018 को सीजेएम कोर्ट ने मुकदमे में आरोपियों के खिलाफ जारी किया था गिरफ्तारी वारंट'सीजेएम कोर्ट के इसी आदेश को चुनौती देकर याचिकाकर्ताओं ने कार्यवाही रद्द करने के लिए की थी मांग,करीब चार वर्षों से हाईकोर्ट में लंबित था मामला,अब तक कार्रवाई पर लगी थी रोक'प्रकरण की पूरी सुनवाई करने के पश्चात हाईकोर्ट ने आरोपियों को राहत देने का नहीं पाया कोई आधार,की दोनों याचिकाएं खारिज''सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने संजीव वर्मा समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ कई आपराधिक मामले लंबित होने एवं उनके जरिए बड़ा घोटाला करने का आरोप लगाते हुए अर्जी खारिज करने के लिए की थी मांग ।अभियोगी प्रेम कुमार शुक्ला निवासी गोपालपुर ने एनएच–56 का प्रकाशन होने के बाद संजीव कुमार वर्मा समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ करोड़ो का मुआवजा हड़पने की नीयत से फर्जी विक्रय पत्र तैयार कराने के आरोप में दर्ज कराया था मुकदमा। तत्कालीन एसपी ने अभियोगी प्रेम कुमार शुक्ला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने का दिया था निर्देश, छह फरवरी 2016 को लम्भुआ थाने में दर्ज हुआ था मुकदमा ।आरोप के मुताबिक नौ गाटो में है प्रेम कुमार शुक्ला है सह खातेदार,फिर भी आरोपियों ने गलत तरीके से मनमाफिक चौहद्दी दिखाकर अनुचित लाभ पाने के लिए कर दिया था तीन बैनामा ।राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा करीब पौने 11 करोड़ रुपये आरोपियों को दिया गया था मुआवजा,जबकि अभियोगी प्रेम कुमार शुक्ला है आधे का हिस्सेदार ।करोड़ों के घोटाले में आरोपी संजीव वर्मा के परिवार व उसके करीबियों को नहीं मिली राहत,मामले में संजीव वर्मा के अलावा उनकी पत्नी विजया कुमारी भाई,राजीव वर्मा,मां गयावती,सह आरोपी शिवकुमारी, नितिन वर्मा, मिठाई लाल, प्रदीप प्रजापति, लाल मोहम्मद, इस्लाम व महेंद्र कुमार के खिलाफ दर्ज हुआ था मुकदमा' पुलिस ने तफ्तीश पूरी कर आरोपियों के खिलाफ दाखिल की थी चार्जशीट,जिस पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने जारी सम्मन पर न हाजिर होने के बाद दिया था गिरफ्तारी का आदेश ।आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा– 419 ,420, 467, 468, 471 में चल रहा है मामला,अब करोड़ो के घोटाले से जुड़े केस में फेस करना पड़ेगा ट्रायल।

# वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा माहवारी लेकर चलाया जा रहा है अवैध आरा मशीन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : .शिकायत के बाद भी कुंभकरण की नींद में सो रहा बन विभाग धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे हैं जिले में अवैध यारा मशीन दर्जनों आरा मशीनों की शिकायत जिले के आला अधिकारियों से की गई किंतु इनके कान पर जूं नहीं रेंग रही है जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरण की नींद में सो चुके हैं बंधुआ कला क्षेत्र में करीब दर्जनभर आरा मशीन बगैर लाइसेंस के अवैध रूप से विभाग से संरक्षण प्राप्त होने के कारण चल रही हैं जिनकी शिकायत क्षेत्रीय वन अधिकारी शिव शंकर सिंह वयस डी ओ तथा डीएफओ से करने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है अवध यारा मशीन संचालकों से विभाग सांठगांठ कर हर महीने मोटी रकम लेता है जिस कारण से जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अवैध चल रही इन आरा मशीनों पर कोई कार्यवाही नहीं करता जिससे विभाग की वह जिम्मेदार अधिकारियों की पूरे जिले में जमकर किरकिरी हो रही है किंतु जिम्मेदार अधिकारियों किस सेहत पर कोई असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है यही कारण है कि अवैध आरा मशीनों के संचालकों तथा वन माफियाओं के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते नजर आ रहे हैं विभाग में उच्चाधिकारियों को छोड़ने के बाद भी इनके दलाल जिले के हर कोने में नियुक्त हैं जो माहवारी वसूल कर उच्चाधिकारियों के जेब को गर्म कर रहे हैं।

## गैस सिलेंडर फटने से घर सहित पूरी गृहस्थी जलकर राख : सभी सदस्य सुरक्षित

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरियामऊ फार्म नई बस्ती में गैस सिलेण्डर फटने से एक घर की पूरी गृहस्थी जल कर राख हो गई गनीमत यह रही कि इस हादसें में परिवार का कोई सदस्य हताहत नहीं हुआ। ग्राम गौरियामऊ फार्म नई बस्ती निवासी सीमा वर्मा पत्नी विनोद वर्मा द्वारा खाना बनाते समय अचानक उनके गैस सिलेंडर से आग की लपटें निकलने लगी ।सिलेंडर को जलता देख खाना बना रही सीमा चिल्लाते हुए बाहर भागी सीमा को भागते देख वहां इकट्ठा हुए परिजनों में गैस सिलेंडर से उठती लपटे देख अफरा तफरी मच गई ।परिजनों व पड़ोसियों द्वारा गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाने का प्रयास असफल रहा और कुछ देर तक जलने के बाद गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया और उसके जलते हुए टुकड़े पूरे मकान में फैल गए ।जिससे सीमा का पूरा मकान मय गृहस्थी देखते ही देखते जलकर राख हो गया ।ग्रामीणों के मुताबिक गाँव में गाडियों के आने जाने के लिए समुचित मार्ग की व्यवस्था उपलब्ध न होनें के कारण घटनास्थल पर अग्निशमन की गाड़ी नहीं पहुँच पायी ।जैसे तैसे ग्राम वासियों द्वारा आग बुझाई गई लेकिन तब तक सारा राशन, बर्तन, जेवर,पैंसे,चारपाई व बिस्तर सहित सारी गृहस्थी जल कर राख हो गई और विनोद वर्मा का 5 सदस्यों का परिवार चंद मिनटों में रोटी,कपड़ा और मकान का मोहताज हो गया।

# छात्रों के साथ बाजारवासियों ने किया प्रदर्शन : बरईपार बाजार से गुजरने वाली सड़क बनी झील

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तहसील क्षेत्र के बरईपार चौराहे की टूटी सड़क को लेकर छात्रों व बाजारवासियों ने प्रदर्शन किया। शुक्रवार सुबह स्कूली छात्रों ने बाजार वासियों के साथ सड़क पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने पीडब्लूडी के साथ स्थानीय नेताओं के प्रति भी आक्रोश जाहिर किया। छात्रों ने कहा अगर जल्द से जल्द सड़क नहीं बनी तो उनका प्रदर्शन रुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक बरईपार– सुजानगंज रोड, बरईपार मुख्य चौराहा को नहीं बन जाता तब तक हम भी बाजार वालों के साथ प्रतिदिन प्रदर्शन करेंगे। सड़क को लेकर प्रदर्शन कर रहे बाजार वासियों ने बताया कि बरईपार चौराहा, बरईपार–मछलीशहर मार्ग, बरईपार–सुजानगंज मार्ग पर सड़क पर दो दो फिट के गड्ढे हो गए हैं। जिनमें बाइक सवार सहित साइकिल सवार भी गिर पड़ते है। वही सड़क नीची होने व नाली नही होने के कारण थोड़ी सी बरसात में लबालब पानी भर जाता है। जिससे आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके अलावा सड़क पर हर समय पानी होने से बाजार का रोजगार चौपट हो चुका है। बड़ी गाड़ियों के आने जाने से पानी दुकानों के अंदर भी चला जाता है। जिससे बड़े वाहनों से हमेशा कहासुनी होती रहती है और बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्रदर्शन के दौरान धर्मेंद्र कुमार पाठक, सुरेंद्र कुमार, बीडीसी दिनेश कुमार यादव, कृष्ण कुमार जयसवाल, बिंदु जायसवाल, ओम प्रकाश यादव, सोनू जायसवाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रीति श्रीवास्तव को मिलेगा राज्य स्तरीय सम्मान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 30 अगस्त को प्रीति श्रीवास्तव लखनऊ में सम्मानित होंगी। राज्य स्तरीय कहानी प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष एससीईआरटी लखनऊ द्वारा परिषदीय स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के बीच की जाती है जिसमें तृतीय राज्यस्तरीय कहानी प्रतियोगिता एवं चतुर्थ राज्य स्तरीय कहानी प्रतियोगिता में श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव ने विजेता होकर जनपद का परचम लहराया था। प्रीति श्रीवास्तव जहां नवाचारी शिक्षिका के रूप में जानी जाती हैं वही कर्तव्य निष्ठा के रूप में भी प्रसिद्ध हैं। इनको विगत वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति पुरस्कार से भी सम्मानित कियागया था। इनको 30 अगस्त को बेसिक शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश के प्रांगण में सम्मानित किया जाएगा। ध्यातव्य है कि बमतज लखनऊ द्वारा विगत 3 वर्षों के कहानी विजेताओं को एक साथ बुलाकर सम्मानित किया जा रहा है जिसमें प्रीति श्रीवास्तव लगातार दो बार कहानी प्रतियोगिता की विजेता रही है। डायट प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद जी ने जनपद का गौरव बढ़ाने के लिए ढेरों बधाई दी है साथ ही एक पत्र भी जारी कर शिक्षिका को बधाई सहित सूचित किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल समेत समस्त शिक्षा विभाग द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई है।

# अतिरिक्त हल्के का कार्य छोड़ने को लेकर लेखपाल संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेशीय लेखपाल संघ की तहसील कार्यकारिणी के अध्यक्ष अजय पाण्डेय के नेतृत्व में शुक्रवार को शासन की नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर अतिरिक्त हल्के का कार्य छोड़ने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा! लेखपालों ने एसडीएम को यह भी चेताया है कि 29 अगस्त से अतिरिक्त हल्के का प्रभार व उससे सम्बन्धित कार्य नहीं किया जाएगा। लेखपाल संघ ने तहसील सभागार में बैठक कर सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया! लेखपालों का कहना है कि उन पर खसरा फीडिंग, आय, जाति, निवास, वरासत, आई जी आर एस निस्तारण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पात्रों का वेरीफिकेशन, खतौनी बनाने सहित तमाम काम करने पड़ रहे हैं! संघ ने ज्ञापन के माध्यम से यह भी बताया कि तहसील में लेखपालों की संख्या सृजित पद के सापेक्ष संख्या आधी है! फिर भी साथियों द्वारा तन्मयता से काम किया जा रहा है! ऐसी परिस्थिति में कार्य की अधिकता होने के कारण शासन की नीतियों का बेहतर क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है! इस मौके पर संघ के मंत्री यश कुमार, गजेंद्र सिंह रावत, लालचंद पाण्डेय, घनश्याम पटेल, सुशील कुमार श्रीवास्तव, संदीप जायसवाल, निखिल रंजन, दिनेश पाल, अनुराग सिंह, शिव कुमार सरोज, रुक्मणी, पूजा, श्रद्धा तिवारी, प्रियंका आदि लोग मौजूद थे!

# पीयू में और 6 सेंटर आफ एक्सीलेंस होंगे स्थापित : प्रदेश सरकार की ओर से मिली अनुदान की स्वीकृति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने शोध के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश सरकार की ओर से विश्वविद्यालय को छह नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मिले हैं। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने सभी 6 शिक्षकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि विश्वविद्यालय ने शोध के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। प्रदेश सरकार की ओर से विवि को छहः नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए अनुदान की स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कहा कि इन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से शोध के लिए अनेक अवसर प्राप्त होंगे। इससे शिक्षक और छात्र को नए संसाधन उपलब्ध होंगे। विश्वविद्यालय में अब कुल 12 सेंटर आफ एक्सीलेंस स्थापित हो जाएंगे। उत्तर प्रदेश के विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों से शासन को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे। शासन ने परीक्षण करने के बाद सेंटर ऑफ एक्सीलेंस देने की घोषणा की। मीडिया प्रभारी डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि डिपार्टमेंट ऑफ सेंटर आफ साइंस एंड नैनोटेक्नोलॉजी के काजल कुमार डे को तीन लाख 85 हजार, गणित विभाग के डॉ सुशील कुमार शुक्ला को दो लाख 90 हजार रुपए, भौतिक विज्ञान के डॉक्टर मनीष प्रताप सिंह को 3,70000 रुपये अर्थ एंड प्लेनेटरी विज्ञान के डॉ श्याम कन्हैया सिंह को 3,10000, केमिस्ट्री के डॉ मिथिलेश यादव को 2,64000और और फिजिक्स के डॉ पुनीत धवन को 3,05000 की धनराशि की शासन की ओर से मंजूरी मिल गई है। इस धनराशि को उपकरण, आकस्मिकता, यात्रा एवं फील्ड कार्य, मैन पावर, प्रोजेक्ट फेलो में खर्च किया जा सकेगा।

# लाखों की उधारी में अधेड़ को उतारा मौत के घाट

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : डेढ़ लाख रुपए की उधारी को ले कर छप्पर के नीचे सो रहे अधेड़ की गला घोंट कर हत्या कर दी गई।इसका पता होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। बघौली थाने के तिलकपुरवा में हुई वारदात की खबर सुनते ही एसपी राजेश द्विवेदी, एएसपी पूर्वी अनिल कुमार यादव,सीओ बघौली विकास जायसवाल,सीओ ट्रेनी अंकित मिश्रा के अलावा फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच कर जांच –पड़ताल शुरू कर दी है। एसपी ने वारदात के जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं। बघौली थाने के तिलकपुरवा मजरा गोण्डाराव निवासी अधेड़ सोनेश्वर उर्फ भन्नू गुरुवार की रात को अपने मकान से लगभग सौ मीटर दूर पर सड़क के किनारे अहाते में छप्पर के नीचे सो रहा था। शुक्रवार की सुबह सोनेश्वर उर्फ भन्नू का शव चारपाई पर पड़ा हुआ देखा गया।उसकी गर्दन चारपाई के नीचे लटक रही थी। जहां पर शव पड़ा हुआ था, वहीं से कुछ दूर पर एक बाइक गिरी पड़ी हुई थी,पास में ही मोबाइल कवर भी पड़ा था।इसका पता होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते वहां तमाशबीन किस्म के लोग इकट्ठा हो गए। सोनेश्वर उर्फ भन्नू की पत्नी विमला उर्फ रामकांती ने बताया कि पांच लोग उसके पति की गर्दन घोंट रहें हैं। चीखने –चिल्लाने पर सभी भाग निकले।विमला उर्फ रामकांती का साफ –साफ कहना है कि पांचों लोग उसी के परिवार के है। जिनके बारे में पुलिस के सामने खुलासा किया जाएगा।हत्या की वजह डेढ़ लाख रुपए



की उधारी बताई जा रही है। वारदात का पता होते ही एसपी राजेश द्विवेदी, एएसपी पूर्वी अनिल कुमार यादव,सीओ बघौली विकास जायसवाल, सीओ ट्रेनी अंकित मिश्रा,एसएचओ बघौली सोनपाल गंगवार के साथ फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई।सारे मामले की गहराई से जांच–पड़ताल शुरू कर दी गई है। एसपी श्री द्विवेदी ने बताया है कि वारदात का जल्द से जल्द खुलासा कर लिया जाएगा। उन्होंने इलाकाई पुलिस को इसके जल्द खुलासे के सख्त निर्देश दिए हैं। सोनेश्वर उर्फ भन्नू का जिस तरीके से चारपाई पर शव पड़ा हुआ देखा गया। उससे वहां का हर कोई अजीब सी उलझन में उलझ कर गया है। डेढ़ लाख रुपए की उधारी को ले कर की गई हत्या की गुत्थी फिलहाल उलझी हुई है। पुलिस और फोरेंसिक टीम की जांच –पड़ताल के बाद मामले से जुड़ी सारी बातें सामने आने के बाद ही लोगों की उलझन कम होंगी। वहां के लोग ऐसा कह रहें हैं।

# बच्ची को गोंद में लेकर मायका के लिए निकली विवाहिता लापता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीरी समसुद्दीनपुर गाँव में बुधवार को अपनी चार वर्षीय बेटी को गोंद में लेकर मायका जाने के लिए घर से निकली विवाहिता का तीसरे दिन भी पता नहीं चल सका। थक हार कर स्वजन थाने में तहरीर दिए है। गाँव निवासी अंजू देवी पत्नी संजय राजभर अपनी अबोध बेटी को लेकर घर से मायका जाने को कहकर निकली थी। देर रात तक वहाँ नहीं पहुंची तो स्वजन खोजबीन शुरू किए। हर संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की गई। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। विवाहिता के ससुर फिरतू राम ने थाने में तहरीर देकर किसी अनहोनी घटना की आशंका जाहिर की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# क्षेत्र पंचायत सदस्य को जान से मारने की धमकी : जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र पंचायत सदस्य को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने व्लाक प्रमुख प्रत्याशी के पति के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। ज्ञात हो कि मड़ियाहूं विकासखंड के सलारपुर गांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय बहादुर पटेल ने गुरुवार को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि पूर्व में हुए ब्लॉक प्रमुख चुनाव में प्रमुख प्रत्याशी ज्योति यादव पत्नी जय हिंद यादव के साथ था। इस समय जय हिंद यादव द्वारा वर्तमान ब्लाक प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की तैयारी की जा रही है। जिसके लिए क्षेत्र पंचायत सदस्य से उसका प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है। न देने पर जय हिंद यादव द्वारा उसे प्रताड़ित किया जा रहा है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है ।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपित जय हिंद यादव पुत्र राम लखन यादव निवासी पहसना थाना सिकरारा के विरुद्ध धारा 341, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है। इस संबंध में पूछने पर प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# इंस्पेक्टर आलोक राय के नेतृत्व में कृष्णा नगर पुलिस ने अभियुक्त किया गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कमिश्नरेट लखनऊ में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु एस0बी0 शिरोडकर पुलिस आयुक्त के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर्णा रजत कौशिक, पुलिस उपायुक्त मध्य लखनऊ, के कुशल पर्यवेक्षण एवं राजेश कुमार




श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त मध्य लखनऊ एवं अरविन्द कुमार वर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर लखनऊ के निर्देशन में एवं प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में गठित थाना कृष्णानगर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीय पर दिनांक 24.08.2022 को पंजीकृत मु0अ0सं0 425/2022 धारा 294/354 भादवि0 से सम्बन्धित अश्लील टिप्पणी तथा छेड़छाड़ करने वाला एक नफर अभियुक्त शशि शेखर सिंह पुत्र राज किशोर प्रसाद सिंह निवासी– 569 च/421 प्रेम नगर थाना कृष्णानगर लखनऊ उम्र 42 वर्ष को घटना के 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजकर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में महिला उपनिरीक्षक सुधा दीक्षित, कांस्टेबल पवनेश कुमार, थाना कृष्णानगर कमिश्नरेट लखनऊ शामिल रहे।

# प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का करें पाठ –हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हिंदुत्व की रक्षा में लगातार संघर्षरत संगठन राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देवप्रकाश शुक्ला का मध्य प्रदेश के प्रथम आगमन पर राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय संत राजेश्वरी गिरी जी महाराज अंतर्राष्ट्रीय संत एवं हजारों की संख्या में पदाधिकारियों ने जगह–जगह पर भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला ने बताया हमारा केवल एक धर्म है– हिन्दू सनातन हम सभी



अपने खोए हुए अस्तित्व को भूल चुके हैं। अपने बच्चों को गुरुकुल की शिक्षा दिलाए। गीता का अध्ययन करें और अपने बच्चों को गीता पढ़ाएं। बहन बेटियों को गीता पढ़ाए और प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करें, और प्रत्येक हिंदू प्रत्येक सनातन यह संकल्प करें कि हम प्रत्येक दिन 10 लोगों को राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार में जोड़ेंगे और भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाने के लिए प्रत्येक हिंदू भाई प्रत्येक दिन 10 लोगों को जोड़ेंगे आने वाले समय में हमें अपने आप को सुरक्षित रखना है तो भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाना ही होगा। इसी संकल्प के साथ शिवपुर, शिवपुरी, विजयपुर ग्वालियर, भिण्ड, में जगह जगह पर पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला ने एवं राजराजेश्वर गिरी जी महाराज ने सभी को संकल्प दिलाया कि आज से भारत को वैदिक सनातन राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी लोग कार्य करेंगे और मध्यप्रदेश में एक भव्य गुरुकुल की स्थापना एवं यज्ञ का आयोजन नवंबर माह में किया जाएगा जिसमें लाखों की संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। सभी को संकल्प दिलाया जाएगा ताकि हिन्दू और हिंदुत्व की रक्षा हो सके। सनातन धर्म को बचाने का मात्र एक ही लक्ष्य है कि भारत वैदिक सनातन राष्ट्र बने।

# भारतीय खेल प्रेमी तथा राष्ट्रीय खेल दिवस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डॉ आलोक कुमार द्विवेदी शारीरिक शिक्षक लाठर देवा हुन नारसन हरिद्वार उत्तराखंड ने बताया कि भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 29 अगस्त को मनाया जाता है राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरुआत 29 अगस्त सन 2012 को हुई। राष्ट्रीय खेल दिवस का मुख्य उद्देश्य इस दिन खेल से संबंधित पुरस्कारों जैसे राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार, समाचार खेल पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है। आज हमारे भारत देश को आजाद हुए 75 साल हो गए हैं। इस दौरान भारत में खेल की दुनिया में अभूतपूर्व प्रगत की है। अगर हम अतीत पर जाएं तो ओलंपिक में सन उन्नीस सौ में पेरिस में भारत में सर्वप्रथम भाग लिया और इसमें भारत का एक अंग्रेज नॉर्मन एकमात्र एग्जिट थे जिन्होंने 200 मीटर तथा 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता। ओलंपिक में पहली बार कुश्ती में भारत के पी जाधव प्राप्त किया। अब तक ओलंपिक में सबसे ज्यादा हॉकी में भारत में आठ स्वर्ण पदक प्राप्त किए। राष्ट्रमंडल खेलों में अगर हम नजर डालें तो सर्वप्रथम भारत ने 1934 में लंदन में भाग लिया। राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की ओर से सबसे ज्यादा 15 पदक जसपाल राणा ने प्राप्त किया है। एशियाई खेलों की शुरुआत सन 1951 में दिल्ली में हुई जिसमें भारत का अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है भारत 60 पदक जीत कर जापान के बाद दूसरे स्थान पर रहा। भारत के खेल प्रेमियों ने इन 75 वर्षों में खेल के क्षेत्रों में बहुत अधिक उतार–चढ़ाव देखे हैं। वर्तमान वर्तमान समय में भारत विश्व में खेल के क्षेत्र में एक शक्ति के रूप में उभर रहा है। फिर भी अगर हमें खेलों में सुधार लाना है तो सर्वप्रथम विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य विषय बनाना आवश्यक होगा। वर्तमान समय में भारत की यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कुछ अभूतपूर्व कदम उठाए हैं जिससे खेल हमारे वर्तमान जनमानस का एक अभिन्न अंग बन जाएगा नई शिक्षा नीति के तहत शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य विषय बनाने पर जोड़ दिया है। यह हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री के दूरदर्शिता का ही परिणाम है। दूसरा अगर खेल को उच्चतम तथा महत्वपूर्ण स्थान समाज में देना है तो इसमें खेल विशेषज्ञों की सेवा ले लेना जरूरी है तथा खेल को राजनीत से दूर रखा जाए। वर्तमान परिवेश में अगर हम ध्यान दें तो हमारी वर्तमान केंद्रीय सरकार ने लगातार दो खेल मंत्री श्री राजवर्धन राठौर ओलंपिक पदक विजेता, तथा श्री अनुराग ठाकुर जो एक अच्छे क्रिकेटर हैं खेल के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे हैं। हमें आज आवश्यक है की ।जब तक खिलाड़ी अपनी सेवाएं नहीं देंगे तथा अपना अनुभव नहीं बाटेंगे तब तक देश में खेल का महत्व भारत की युवा शक्ति नहीं जान पाएगा। स्वतंत्रता प्राप्ति के पहले से ही भारत के खेल प्रेमियों ने जबरदस्त संघर्ष किया उसी कड़ी में सबसे ज्यादा हॉकी में भारत ने मेजर ध्यानचंद के नेतृत्व में सबसे ज्यादा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता। खेल के कारण भारत का मस्तक विश्व ऊंचा हुआ। दूसरी ओर एथलेटिक्स में मिल्खा सिंह श्री राम सिंह श्री गुरबचन सिंह रंधावा के नेतृत्व में भारत ने जबरदस्त संघर्ष किया नीलिमा घोष भारत की सर्वप्रथम महिला एथलीट रही जिसने ओलंपिक में प्रवेश किया वही लॉन टेनिस में श्री रामनाथ कृष्णन श्री अमृत राज एवं श्री आनंद राज ने भारत का मान बढ़ाया। बैडमिंटन में प्रकाश पादुकोण, सैयद मोदी ने अपना वर्चस्व कायम



किया। क्रिकेट के लाला अमरनाथ, वीनू मांकड, विजय मर्चेंट आदि ने क्रिकेट स्कोर विश्व में स्थान देने का प्रयास किया कुश्ती में चांदीराम एवं दारा सिंह का नाम सम्मान से लिया जाता रहा है। तैराकी में आरती शाह ने स्थान दर्ज कराया। जब भारत देश आजाद हुआ तब श्रीमती अमृत कौर के नेतृत्व में पटियाला में एनआईए संस्थान की स्थापना की गई जिसमें भारत के विभिन्न खेलों से संबंधित प्रशिक्षक तैयार किए जाने लगे। वही ग्वालियर में रानी लक्ष्मीबाई खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। जब भारत देश आजाद हुआ तब सर्वप्रथम सन 1951 में भारत के प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में दिल्ली में एशियाई खेलों का आयोजन हुआ जिसमें भारतीय एथलीटों ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 60 पदक जीतकर किया जापान के बाद वह दूसरे स्थान पर रहा। वहीं राष्ट्रकुल देशों की बात करें तो 1934 में भारतीय दल ने लंदन में भाग लिया और मात्र 1 पदक प्राप्त किया अब तक राष्ट्रमंडल खेलों में सर्वाधिक 15 पदक जीतकर श्री जसपाल राणा ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। वही ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन पर नजर डालें तो सबसे ज्यादा ओलंपिक स्वर्ण पदक हॉकी में जीता है सर्वप्रथम पहली महिला वेटलिफ्टर सन 2000 में श्री कर्णम मल्लेश्वरी बनी। ओलंपिक के इतिहास में सर्वप्रथम स्वर्ण पदक जीतने वाले का गौरव श्री अभिनव बिंद्रा को प्राप्त है। ओलंपिक खेल के एथलेटिक्स में सन 2020 में टोक्यो में भाला फेंक में श्री नीरज चोपड़ा ने प्रथम बार स्वर्ण पदक जीत कर एथलेटिक्स में भारत का नाम रोशन किया। वही पैरालंपिक में जो हाल में टोक्यो में आए हुए थे उसमें भारतीय एथलीट जबरदस्त प्रदर्शन कर भारत के खेल प्रेमियों का मन मोह लिया। हाल ही में 2022 बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय एथलीटों ने 61 पदक प्राप्त कर विश्व में भारत के खेल प्रेमियों का मान बढ़ाया तथा 75 में स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव पर जबरदस्त तोहफा दिया। क्रिकेट में भी कपिल देव के नेतृत्व में 1983 में विश्व कप जीतकर जबरदस्त क्रिकेट खेल जगत में उलटफेर किया आज भारत में क्रिकेट एक व्यवसाय के रूप में जाने लगा है जिसमें भारतीय युवाओं को असीम संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। आज के बदलते युग में भारत का खेल प्रेमी जबरदस्त संभावनाएं देख रहा है। बस शर्त यह है कि हमें खेल को राजनीति से दूर रखना है। नंबर दो भारत में खेल को संवैधानिक दर्जा प्रदान करना है जिसके अंतर्गत भारत के प्रत्येक नागरिकों को खेल को अपनाना होगा। नंबर 3 शारीरिक शिक्षा को प्रत्येक विद्यालय में अनिवार्य करना जरूरी है जिसके तहत युवा शक्ति में अनुशासन की भावना तथा संघर्ष करने की आदत बने जिससे एक स्वस्थ समाज की भारत में स्थापना हो। इस वर्ष एशियाई खेलों का आयोजन भी होना है जिसमें हम सब खेल प्रेमियों को अपने भारतीय एथलीटों से जबरदस्त प्रदर्शन की उम्मीद है।राष्ट्रीय खेल दिवस जो कि 29 अगस्त को हर वर्ष मेजर ध्यानचंद की जन्म दिवस के रूप में पूरा भारत देश बड़े गर्म जोश से मनाता है और हम सब खेल प्रेमी यही उम्मीद करते हैं कि भारत देश खेल के जगत में एक महान शक्ति के रूप में देखें और विकसित देशों में सर्वोच्च स्थान पर दिखे।

# विकास को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में अयोध्या धाम के विकास हेतु श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के तीन मुख्य सम्पर्क मार्गो यथा–राम पथ नयाघाट से सहादतगंज (मेन स्पाइन रोड) के चौड़ीकरण, भक्ति पथ (श्रृंगार हाट से हनुमानगढ़ी होते हुये श्रीराम जन्मभूमि तक) के चौड़ीकरण, श्री राम जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से श्रीराम जन्मभूमि मार्ग) के निर्माण सम्बंधी कार्यो के प्रगति की समीक्षा की तथा मार्गो के निर्माण के सम्बंध में वन विभाग, पीडब्लूडी, विद्युत, जल निगम आदि विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मार्गो के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण संबंधी समस्त तैयारियों एवं कार्यो को समय से पूर्ण करने व सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा उक्त मार्गो सहित धर्म पथ (नयाघाट से साकेत पेट्रोल पम्प) तथा चौदह कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्यो की भी जानकारी ली। उन्होंने मुख्य अभियन्ता विद्युत, मुख्य अभियंता पीडब्लूडी व जल निगम को आपस मे बेहतर समन्वय कर मार्गो में विद्युत तारों के भूमिगत करने व अन्य कार्यो को गुणवत्ता के साथ आपेक्षित समयान्तर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य अभियन्ता विद्युत, मुख्य अभियन्ता पीडब्लूडी, प्रभागीय वनाधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी खंड 3 व खंड 4, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम खंड, तारों को भूमिगत करने वाली कार्यदाई संस्था लॉरेंस एंड टर्बो के प्रोजेक्ट मैनेजर, जल निगम नागर कार्य इकाई के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दलालों से सावधान रहें प्रधानमंत्री आवास शहरी के लाभार्थी– यामिनी रंजन पीओ डूडा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला परियोजना अधिकारी डूडा यामिनी रंजन ने लाभार्थियों को सचेत करते हुये कहा है कि सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी पूरी तरह निःशुल्क है। इसमें किसी प्रकार की धनराशि देय नहीं है। उन्होंने बताया कि पता चला है कि कुछ लोग लाभार्थियों को फोन करके विभाग के नाम पर अवैध वसूली कर रहे है। ऐसे लोग लाभार्थियों को यह कहकर पैसा मांग कर रहे है कि आपका पैसा आ गया है आप विभाग द्वारा बताई जा रही रकम इन खातों में ऑनलाइन भेजिए तो आपका पैसा आपके खाते में भेज दिया जाएगा। खाते में धनराशि पहुंचने की जानकारी होते ही नगर निकायों के दलाल बिचौलिये पूरी तरह सक्रिय हो उठे हैं। अतः प्रधानमंत्री आवास के सभी लाभार्थियों से अपील हैं कि वह किसी भी दलाल, बिचौलिए एवं आवास के जेई को आवास के नाम पर एक पैसा न दें। क्योंकि यह योजना सरकार द्वारा शहरी गरीबों के लिए संचालित है और यह पूरी तरह निःशुल्क है। परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया कि दलालों से बचने के लिए कई बार समाचार पत्रों, कैम्पों एवं क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से मेरे द्वारा लाभार्थियों को अवगत कराते हुए मेरे द्वारा आग्रह किया गया है, फिर भी देखा जा रहा है कि हमारे आवास के लाभार्थी दलालों के झांसे में आ जा रहे हैं। उन्हें मुंह मांगी रकम पकड़ा दे रहे हैं जो सरासर गलत है। उन्होंने लाभार्थियों को सचेत करते हुए कहा कि यदि आवास के नाम पर किसी भी नगर पंचायत व नगर पालिका परिषद के दलाल, बिचौलिए अथवा प्रधानमंत्री आवास का कार्य देख रहे हैं हमारे जेई व सर्वेयर के द्वारा आवास के नाम पर धनराशि की मांग की जा रही हो तो उसकी सूचना तुरंत हमारे ऑफिस में दें। उनके खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराए।

## बीकापुर में 5 साल की मासूम के साथ हैवानियत करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 5 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। सूत्र के मुताबिक मासूम घर से टॉफी खरीदने के लिए दुकान पर गई हुई थी।जहां दुकानदार ने बच्ची के साथ घटना को अंजाम दिया।पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बलात्कार और पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद एक्शन में आई बीकापुर पुलिस ने 12 घंटे के भीतर ही बृहस्पतिवार की सुबह 7 बजे नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पीड़िता के पिता ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया, ''उनकी 5 साल की बेटी बुधवार की शाम करीब 6:00 बजे घर से 100 मीटर की दूरी पर मौजूद आरोपी विनीत कुमार पुत्र राजकरन की दुकान पर टॉफी और बिस्कुट खरीदने के लिए गई थी। तभी आरोपी ने उसकी मासूम बेटी के साथ गलत काम किया। बेटी की चीख–पुकार सुनकर जब वह और घर के अन्य सदस्य आरोपी के घर पहुंचे तो वह मौके से फरार हो गया। इस संबंध में बीकापुर कोतवाल सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर अपराध संख्या 348 / 22 धारा 376 आईपीसी और पॉस्को एक्ट की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जिसके बाद हरकत



में आई स्थानीय पुलिस ने पीड़ित बच्ची को मेडिकल के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और ताबड़तोड़ नाकेबंदी शुरू की।पुलिस को बृहस्पतिवार की सुबह 7 बजे उस समय कामयाबी मिली जब गांव की खिचड़ी तालाब के पास आरोपी विनीत कुमार फरार होने की फिराक में था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है। वही इसी कड़ी में बीकापुर क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि बीती रात 5 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की सूचना प्राप्त हुई थी। पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया। पीड़िता को तत्काल मेडिकल कराने के लिए अस्पताल रवाना कर दिया गया। वहीं मुलजिम को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।अन्य विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## वन विभाग ने अवैध आरा मशीनों के खिलाफ चलाया अभियान : टीम ने उखाड़ी 4 अवैध आरा मशीने

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में वन विभाग ने बुधवार को अवैध आरा मशीनों के खिलाफ औचक छापेमारी अभियान चलाया।इस दौरान चार अवैध आरा मशीन को बंद कराकर जब्त कर लिया।प्रभागीय वन अधिकारी शीतांशु पांडे के आदेशानुसार क्षेत्रीय वन अधिकारी आर पी सिंह रेंज बीकापुर द्वारा अवैध रूप से चल रही आरा मशीनों के खिलाफ वन विभाग ने अभियान शुरू किया है।वन विभाग के बीकापुर रेंज ऑफिसर आरपी सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस टीम ने टीम में राजेंद्र प्रसाद वन दरोगा,अशोक सिंह यादव वन दरोगा, हौसला प्रसाद पांडे वन दरोगा, अखंड प्रताप सिंह वनरक्षक,बबलू प्रसाद वनरक्षक,लोकेश कुमार शर्मा वनरक्षक, दीपक कुमार शुक्ला वनरक्षक, अंबिका चौबे वनरक्षक व समस्त वन कर्मी के नेतृत्व में क्षेत्र में अवैध आरा मशीनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। बीकापुर तहसील के हैदरगंज, तारुन थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान वन विभाग की टीम को शिव प्रकाश



तिवारी उर्फ डिप्टी तिवारी पचगवा रखौना चौराहे पर, सुरेश चंद्र दुबे उर्फ मोती दुबे मनऊ पुर, श्रवन सिंह रमगढ़वा खेमीपुर निधियावा, मोहम्मद सद्दाम मितनपुर की अवैध आरा मशीन चलती मिली। टीम ने उसे बंद कराकर और उखाड़ कर जब्त कर लिया।और संबंधित थानों मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इसके अलावा भी कई स्थानों पर छापेमारी की गई। इस संबंध में बीकापुर रेंज ऑफिसर आरपी सिंह ने बताया कि अवैध आरा मशीनों के खिलाफ पूरे क्षेत्र में कार्रवाई चलेगी।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित सौंपा मांग पत्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ जनपद अयोध्या इकाई ने प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की लंबित योग सहमत बनी मांगों का शासनादेश निर्गत किए जाने संबंध में एक 16 विंदु का उत्तर प्रदेश माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से प्रेषित किया। संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश प्रताप शुक्ला एवं जिला मंत्री विजय कुमार यादव ने बताया कि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत तृतीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कि काफी समय से मांग लंबित है उस समय से लम्बित व सहमति बनी मांगों का शासनादेश निर्गत किए जाने की ओर आकृष्ट करते हुए प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर मांगों का शासनादेश निर्गत करने की अनुरोध करते हैं। प्रमुख मांग पत्र दिनांक 9 फरवरी 2016 एवं 28, 06,2018 को क्रमशः प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में हुई बैठक में बनी सहमति एवं माननीय डॉ दिनेश शर्मा जी पूर्व उप मुख्यमंत्री ६ माध्यमिक शिक्षा मंत्री की संगठन के साथ वार्ता में मंगाई गई आख्या के आलोक में योग्यता धारी शिक्षणेत्तर कर्मचारी की एलटी ग्रेड में शिक्षक पदों पर पदोन्नत की जाए, सेवानिवृत्त पर राजकीय कर्मचारियों के समान अर्जित अवकाश का नगदीकरण किया जाए ,चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की नियुक्ति पर लगा प्रतिबंध हटाया जाए ,संविदा प्रणाली को समाप्त किया जाए ,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को कणिक वर्ग में पदोन्नति होने पर उचित ग्रेट पर बेतनमान दिया जाए ,कैशलेश सुविधा प्रदान की जाए बोर्ड।। परीक्षा में प्रत्येक लिपिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को शिक्षकों की भांति पालीवार ड्यूटी भत्ता दिया जाए । लिपिक पद पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की पदोन्नति होने पर 22 बी के अंतर्गत एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए ,पूर्व में लाभ मिल रहा था लेकिन सातवें वेतन आयोग के उपरांत इसे रोक दिया गया बहाल किया जाए ।पुरानी पेंशन योजना तत्काल बहाल की जाय, हाई स्कूल के लिपिक को इंटरमीडिएट के प्रधान लिपिक के बराबर वेतनमान दिया जाए। सहायक लिपिक को ग्रेड पे 2000 के अस्थान पर ग्रेड पे 2400 दिया जाए। बंडल बाह्को कक्ष निरीक्षक की दर से परिश्रमिक दिया जाए ग्रेजुएटी 2003 से लागू की जाए, राज्य कर्मचारियों को साथ ही शिक्षण तक कर्मचारियों के शासनादेश निर्गत की व्यवस्था की जाए प्रबंधक समिति में प्रतिनिधित्व दिया जाए। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की लिपिक पद पर पदोन्नत किए 50: कोटे में माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 के प्रावधान के अनुसार टाइप और कंप्यूटर की छूट प्रदान की जाए ।हाई स्कूल के लिपिक को अच्छीकृत ग्रेड पे 4800 दिया जाए।

## दो सितंबर को एडूलीडर्स 2022 अवार्ड से सम्मानित होंगे अयोध्या जिले के तीन शिक्षक : करेंगे अयोध्या जिले का नाम रोशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) परिषदीय शिक्षकों के स्वप्रेरित ऊर्जावान, टेक्नोसेवी स्वतः स्फूर्त समूह एडूलीडर्स यूपी द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में 02 सितम्बर को पायनियर मांटेसरी इंटर कालेज लखनऊ के आडिटोरियम में ''निपुण भारत शैक्षिक गुणवत्ता सेमिनार एवं एडूलीडर्स यूपी अवार्ड 2022'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें टीम एडूलीडर्स यूपी द्वारा प्रदेश के सभी 75 जनपदों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे 150 चिहिन्त शिक्षको को एडूलीडर्स यूपी अवार्ड 2022 से सम्मानित किया जाएगा।समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के आयोजन को महानिदेशक स्कूल शिक्षा श्री विजय किरन आनंद ने अनुमति देते हुए सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को 150 शिक्षको की सूची जारी कर दी है। इस संबंध में महानिदेशक ने एडूलीडर्स यूपी द्वारा समस्त 75 जनपदों से चिह्नित 150 शिक्षको की सूची जारी करते हुए समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों से उक्त शिक्षको को कार्यक्रम में प्रतिभाग कराने का आदेश जारी किया है।जिसमें जनपद अयोध्या से डॉ अंबिकेश त्रिपाठी,पूर्व माध्यमिक विद्यालय तमकीन गंज,सहायक अध्यापक (गणित) , अनूप मेहरोत्रा,कम्पोजिट पाराताज पुर ,सदक हुसैन, कम्पोजिट मुमताज नगर का चयन किया गया है। उल्लेखनीय है एडूलीडर्स यूपी प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत स्वप्रेरित, ऊर्जावान, टेक्नोसेवी शिक्षको का एक स्वतःस्फूर्त समूह है जिसका नेतृत्व बस्ती जनपद के राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ सर्वेष्ट मिश्र करते हैं।एडूलीडर्स यूपी शिक्षको के व्यावसायिक क्षमता वृद्धि, उनके कार्यों को प्रोत्साहन, बच्चो के लर्निंग ऑउटकम को सुनिश्चित करने तथा हर वर्ष प्रदेश के सभी 75 जनपदो से 150 शिक्षको को एडूलीडर्स अवार्ड देने का कार्य करता है। यह समूह सभी 75 जनपदों में अपने व्हाट्सप समूहो, फेसबुक कुटुंब पेज, वेबसाइट के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व निपुण भारत मिशन की दक्षताओ को सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन शैक्षणिक सामग्री निर्माण, निपुण भारत वर्कशीट, ज्ञान गंगा ब्लैकबोर्ड संदेश, संस्कार, बूझ भाई बूझ, बाल सवाल तथा शब्द संग्रह सन्देश प्रेषित करता है। शिक्षकों की क्षमता संवर्धन के लिए समय–समय पर ऑनलाइन वेबिनार, गोष्ठी व सरकार द्वारा समय समय पर संचालित राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय कार्यक्रमो में सहयोगी के रूप में प्रतिभाग करता है। इस वर्ष आयोजित कार्यक्रम में सभी 75 जनपदों के 150 शिक्षको के कार्यो का प्रस्तुतिकरण व उन्हें एडूलीडर्स अवार्ड 2022 राज्य की राजधानी में महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद व अन्य गणमान्य अतिथयो द्वारा प्रदान किया जाएगा। जिसके चलते बेसिक शिक्षा विभाग के इन शिक्षकों की इस उपलब्धि पर उप निदेशक/प्राचार्या डायट संध्या श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय, खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश,सत्यप्रकाश, यज्ञ नारायण, जिला समन्वयक(प्रशिक्षण) सुनील कुमार श्रीवास्तव व शिक्षक संघ पदाधिकारी, विद्यालय स्टाफ आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## सम्पन्न हुआ किसान दिवस का आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला अधिकारी नीतीश कुमार की अध्यक्षता में किसानों व कृषि से संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में किसान दिवस का आयोजन किया गया और समस्याओं के समाधान हेतु जिला अधिकारी द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। किसानों की तरफ से भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा जिला अध्यक्ष सूर्य नाथ वर्मा सहित कई दर्जन पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को मजबूती से रखा, जिस पर बिंदुवार विस्तृत चर्चा की गई और जिलाधिकारी महोदय ने समस्याओं से संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण समाधान करने का निर्देश दिया किसानों ने जनपद को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने, राजकीय नलकूपों को सुचारू रूप से चलाने, किसान सम्मान निधि, किसान बीमा ,मनरेगा की समस्या ,छुट्टा जानवरों को गौशाला में जमा कराने, खरौनी वितरित करने, सरकारी जमीनों चक मार्ग, तालाबों को खाली कराने जैसे दो दर्जन समस्याओं को रखा गया जिला अधिकारी नीतीश कुमार ने नहर, बिजली ,सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंताओं को सख्ती से निर्देश दिया कि शासन के मन्शा के अनुसार प्रतिदिन 18 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाए रिपेयरिंग आपूर्ति अवधि में ना की जाए, नहरो में टेल तक पानी पहुंचाएं, राजकीय नलकूपों को सुचारु रूप से चलाने का निर्देश दिया । बीकापुर नगर पंचायत के बिलारी माफी वार्ड में जलभराव की समस्या उठाई गई जिसके समाधान का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने दिया। किसान दिवस में राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा, जिला अध्यक्ष सूर्यनाथ वर्मा, युवा जिला अध्यक्ष भागीरथी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष शंकर पाल पांडे, रंजीत कोरी, दशरथ सिंह ,संतोष वर्मा, शिवराम शर्मा ,बाबूराम तिवारी, भोला सिंह टाइगर, राजकुमार यादव ,प्रेम शंकर वर्मा, उर्मिला निषाद, राम अभिलाख यादव, राकेश वर्मा, रामगोपाल मौर्य, मस्तराम वर्मा, राम गणेश मौर्य, राम अवध किसान, रामजीत पांडे, लालती देवी, दयाराम यादव, बुधीराम मौर्य , जितेंद्र कुमार, इंद्रजीत वर्मा, आदि कई दर्जन लोग उपस्थित रहे। प्रशासन की तरफ से जिला अधिकारी नीतीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव ,उपनिदेशक कृषि डॉ संजय कुमार त्रिपाठी ,जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ सुभाष चंद वर्मा, अधिशासी अधिकारी सिंचाई ,रजनीश कुमार गौतम, एलडीएम राजेश कुमार, मंडी सचिव अरुण कुमार, जिला उद्यान अधिकारी भूषण प्रसाद सिंह, डॉ देवेंद्र गुप्ता मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला सहायक निबंधक अभय सिंह सहित दर्जनों अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी तरफ भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या द्वारा तिकोनिया पार्क (सदर तहसील के सामने )चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना सातवें दिन जारी रहा।

## नोडल अधिकारी ने तीन गौशालाओं का किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नोडल अधिकारी के रूप में जिला उद्यान अधिकारी डाक्टर भूषण प्रताप सिंह ने मंगलवार को मवई ब्लाक की सैदपुर,संडवा तथा जैसुखपुर गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने चारा भूसा तथा साफ सफाई पर ध्यान दिया। डाक्टर भूषण प्रताप सिंह ने बताया कि सैदपुर में 119 गौवंश थे तथा 55 कुंतल भूसा और चार कुंतल हरा चारा स्टॉक में पाया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाग बुक,कैश बुक तथा स्टॉक बुक को भी चेक किया।संडवा की गौशाला में 159 गौवंश थे जैसुखपुर में 195 गौवंश पाये गये।संडवा में 25 कुंतल भूसे का स्टॉक मिला तथा जैसुखपुर में 20 कुंतल भूसे का स्टॉक मिला।इस अवसर पर वेटनरी फार्मेसिस्ट अमित श्रीवास्तव,पशुधन प्रसार अधिकारी बृजेश कुमार,शिवशंकर,ग्राम प्रधान सैदपुर प्रतिनिधि दिनेश पाण्डेय,अवसाफ खाँ बच्चन आदि उपस्थित थे।

## 100 वर्ष पूरे होने पर स्वयंसेवक संघ के अयोध्या में बड़े कार्यक्रम करने की तैयारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बौद्धिक विभाग की तीन दिवसीय अखिल भारतीय बैठक अयोध्या में संपन्न हुई। बैठक में 45 प्रांतों के करीब 150 प्रचारक शामिल हुए। बैठक में मंदिर निर्माण की जानकारी हर घर तक पहुंचाने पर मंथन हुआ है। साथ ही संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर शारदीय नवरात्र 2025 में अयोध्या में एक बड़े कार्यक्रम की तैयारी पर भी चर्चा हुई। वर्ग में स्वयंसेवकों के बौद्धिक विकास हेतु वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा तय की गई। पहले दिन अखिल भारतीय बौद्धिक टोली के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। दूसरे व तीसरे दिन देश भर के सांगठनिक दृष्टि से 11 क्षेत्रों व 45 प्रांतों से प्रांत बौद्धिक प्रमुख व सह बौद्धिक प्रमुख सहित 150 प्रचारक शामिल हुए। इस बैठक में तीनों दिन सभी सत्रों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सह सरकार्यवाह रामदत्तजी उपस्थित रहे। अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख स्वांत रंजन ने अनौपचारिक वार्ता में बताया की संघ के बौद्धिक विभाग की यह प्रतिवर्ष होने वाली नियमित बैठक है। जिसमें हम सभी देश भर से आए क्षेत्रीय व प्रांतीय बौद्धिक प्रमुख के साथ मिलकर बौद्धिक विभाग के द्वारा नियमित शखाओं, कार्यक्रमों व प्रशिक्षण वर्गों के पाठ्यक्रम की चर्चा, संशोधन आदि पर विमर्श करते है। शाखा पर आने वाला स्वयंसेवक बौद्धिक रूप से कितना मजबूत बन सके इस पर भी चर्चा की गई। तय हुआ है कि मानचित्र परिचय कार्यक्रम महाविद्यालय व विश्वविद्यालय स्तर के छात्रों के बीच भी चलाया जायेगा और देश की सीमाओं की जानकारी व वर्तमान स्थिति की जानकारी दी जाएगी। वर्ग में शामिल स्वयं सेवकों ने रामलला का भी दर्शन कर मंदिर निर्माण कार्य भी देखा।

## एनएचआई का पटरी दुकानदारों पर चला बुलडोजर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रौनाही टोल प्लाजा तहसीनपुर के आसपास अतिक्रमण कारियों को ध्वस्तीकरण की नोटिस देने के बाद आज बुधवार की सुबह एन एच आई ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत झोपड़ पट्टी खोमचा के दुकानदारों पर बुलडोजर चलाया। स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में चलाए गये अभियान में पक्के ढाबा मालिकों एवं दुकानदारों पर टोल कर्मियों द्वारा नोटिस देने के बाद भी मेहरबान होने के कारण अतिक्रमण हटाओ अभियान से बाहर रखा। पुलिस के साथ पहुंचे कर्मियों के सौतेले व्यवहार पर स्थानीय पटरी खोमचा दुकानदारों यश कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार ,हरिश्चंद्र ,रामविलाश यादव, संदीप पांडेय ,धर्मेंद्र कुमार, पप्पू निषाद, चंद्रिका, जुग्गी लाल यादव, आदि ने कड़ा विरोध जताया। कहा कि मंगलवार को नोटिस के साथ मुनादी कराने के बारह घंटे बाद ही स्थाई अतिक्रमण कारियो पर कार्यवाही मेहरबान होने के कारण हम गरीब बेरोजगारों पर ही बुलडोजर चलाया गया। मामले में मौजूद टीम प्रभारी ने बताया कि इसके पूर्व चिन्हित करने के दौरान ही अस्थाई दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की जानकारी दी गयी थीं। मंगलवार को पुनः अवगत कराने के बाद संज्ञान में नहीं लेने के कारण आवश्यक कार्यवाही की गयी हैं।

## हैंड पंप रिपेयर के नाम पर बीडीओ हैरिंग्टनगंज पर सरकारी धन निकालकर खर्च किए जाने लगा आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद अयोध्या के विधान सभा मिल्कीपुर क्षेत्र अंतर्गत विकास खंड हैरिंग्टनगंज के खंड विकास अधिकारी और उनके अधीनस्थ पर ग्राम सभा चमेला में हैंड पंप रिपेयरिंग के नाम पर निकाले गए रुपए का गबन करने का आरोप ग्राम डेहरियांवा विधान सभा बीकापुर के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता डॉ व दिनेश त्रिपाठी ने लगाया है। जिसकी शिकायत संबंधित विभाग को 23 अगस्त 2022 को डॉव दिनेश त्रिपाठी ने की है। उनके द्वारा शिकायत किया गया है कि बीडीओ साहब आपने और आपके अधिनस्थ जिम्मेदारों ने ग्राम सभा चमेला के विभाजन होने की तिथि से पत्र लेखन की तिथि तक ग्राम सभा चमेला में हैंडपंप रिपेयर के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई का सरकारी धन लाखों रुपए निकाल लिया है और रिपेयरिंग के दौरान नल से निकाले गए निष्प्रयोज्य पुराने सामानों को नियमानुसार नीलाम कर के ग्राम सभा के खाते में जमा नहीं किया गया है और ना ही वह निकाले गए सामान आपके और आपके अधीनस्थ जिम्मेदारों के पास कहींसुरक्षित और आरक्षित है। जबकि जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला अधिकारी, संयुक्त विकास आयुक्त के अनुसार प्रत्येक वित्तीय वर्ष में हैंडपंप से निकाले गए निष्प्रयोजय सामानों की नीलामी करके प्राप्त धनराशि को ग्राम सभा के खाते में जमा करना आवश्यक और अनिवार्य है। अतः आप आज ही अपने और अपने अधीनस्थ जिम्मेदारों के विरुद्ध कोतवाली इनायत नगर में धारा 120 बी, 166, 167, 168, 217, 419, 420, 467, 468, 469 और 471 आदि आवश्यक धाराओं में एफआईआर दर्ज कराएं या तो निकाली गई धनराशि के सापेक्ष रिपेयरिंग के दौरान निकाले गए इस निष्प्रयोजय सामानों की सूची, सामानों की संख्या, अनुमानित बाजार मूल्य, संरक्षित, आरक्षित और भौतिक स्थल के साथ सार्वजनिक करें। लेकिन साहब जी जो भी करें आज हीकरें क्योंकि मामला जनता जनार्दन के विकास के लिए आए धन का है और आपको और आपके जिम्मेदार अधीनस्थों को तो मानदेय वेतन और पेंशन मिलती है लेकिन बेवस जनता को तो आप सब से लूटे गए सरकारी धन का शेष बचा हिस्सा ही विकास कार्यों के लिए मिलता है।

## हर ब्लॉक के 10–10 ग्राम पंचायतों में होगी जॉब कार्ड की जांच

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मनरेगा के फर्जी जॉब कार्ड की जांच शिविर लगाकर की जाएगी। फर्जी पाए जाने वाले कार्ड निरस्त कर दिए जाएंगे साथ ही इन्हें जारी करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। ग्राम्य विकास विभाग ने मनरेगा में फर्जी जॉब कार्ड के खेल को बंद करने की कवायद शुरू कर दी है। प्रदेश के सभी विकासखंडों (ब्लॉकों) के 10–10 ग्राम पंचायतों में अब जॉब कार्ड की जांच की जाएगी। राज्य सरकार के मंत्रियों, विधायकों व अन्य जनप्रतिनिधियों के फीडबैक में कुछ जिलों में मनरेगा में फर्जी जॉब कार्ड की शिकायतें सामने आई हैं। ग्राम प्रधानों व ग्राम रोजगार सहायकों के खिलाफ शिकायत मिलती रहती है कि वह पात्र श्रमिकों की जगह फर्जी जॉब कार्डधारकों को काम आवंटित करते है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इन शिकायतों को गंभीरता से लिया है। उन्होंने साफ किया है कि पात्र श्रमिकों को काम से वंचित रखने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने अब हर ब्लॉक में 10–10 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के जॉब कार्ड की जांच कराने के निर्देश दिए है। इसके लिए हर ग्राम पंचायत पर शिविर लगाकर जॉब कार्ड की जांच की जाएगी। इसमें फर्जी जॉब कार्ड मिलने पर उस कार्ड निरस्त करने के साथ संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मनरेगा में पारदर्शिता के लिए श्रमिकों की बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए है। इससे न केवल फर्जी उपस्थिति की शिकायतें दूरी होगी बल्कि काम के घंटे का सही आकलन भी हो सकेगा। वहीं रोजाना कितने श्रमिकों को काम मिला है, इसका सही आंकड़ा मिलेगा। बायोमीट्रिक सत्यापन के लिए हर ग्राम पंचायत स्तर पर बायोमीट्रिक मशीनें उपलब्ध करानी होगी। ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि मनरेगा जॉब कार्ड की जांच और बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज किए जाने से हजारों की संख्या में फर्जी श्रमिक बाहर हो जाएंगे। इससे पात्र श्रमिकों को काम मिलने में आसानी होगी और अनियमितता की शिकायतें भी दूर होंगी।

## एसटीएफ और महाराजगंज की संयुक्त टीम ने गैंगेस्टर एक्ट व 20 हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स व जिले की महाराजगंज पुलिस की टीम ने गैंगस्टर के एक मामले में फरार चल रहे 20 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है । आरोपी द्वारा अपनी एक गैंग बनाकर ओला, उबर जैसी कंपनियों से ऑनलाइन टैक्सियों की बुकिंग कर उन्हें लूटता था तथा उसी से अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता था। कुछ महीनों पहले महराजगंज पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था । जमानत पर छूटने के बाद पुनः अपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो गया । विवेचना के दौरान महराजगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया था, जिसकी विवेचना रौनाही पुलिस कर रही है। के खिलाफ महाराजगंज थाने में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमा पंजीकृत हैं। क्षेत्राधिकारी सदर शैलेंद्र गौतम ने बताया कि यू.पी. गैगेस्टर एक्ट के आरोपी कुंज सोनी उर्फ बाहुबली निवासी पूराबाजार थाना महराजगंज के मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक रौनाही द्वारा सम्पादित की जा रही है। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पूर्व में थानाध्यक्ष महराजगंज द्वारा टीम बनाकर दबिश दिया गया ,परन्तु गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार फरार चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने 20 हजार रूपये का इनाम घोषित किया था और ब्यौरा एसटीएफ को भी भिजवाया गया था।बुधवार को यूपी एसटीएफ टीम के उपनिरीक्षक अतुल चतुर्वेदी व थानाध्यक्ष महराजगंज दिनेश प्रताप सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कुंज सोनी को मया बाजार से गिरफ्तार कर लिया। इसके खिलाफ महराजगंज थाने दो गुंडा एक्ट समेत आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से हुआ संपन्न : पूजा समितियों ने निकाली शोभायात्रा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से श्रद्धा के चरमोत्कर्ष के साथ संपन्न हुआ. इसी क्रम में पूजा समितियों द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें मनोहारी झांकियों के प्रदर्शन के साथ श्री राधा कृष्ण की प्रतिमाएं शामिल रही.केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि लगभग तीन दर्जन प्रतिमाओं का विसर्जन ढोल नगाड़े बजाते हुए भक्ति की धुन में नाचते हुए भगवान के भक्त बालक बालिकाएं वृद्धजन और महिलाओं ने चौक, रिकाबगंज, नियावाँ, कैंट के रास्ते गुप्तार घाट पहुंच कर प्रतिमाओं का विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न किया.शोभा यात्रा में शामिल रहे भक्तों का पूरे नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया. केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति द्वारा सुभाष नगर कार्यालय पर शोभा यात्रा का समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत और प्रसाद वितरण किया गया स्वागत करने वालों में समिति के प्रमुख पदाधिकारियों में गगन जायसवाल, प्रेम नाथ राय, जेएन चतुर्वेदी, केशव बिगुलर, सुप्रीत कपूर, विवेक साहू, रोहित अग्रवाल, शिवजी गौड़, बजरंगी साहू, रोहिताश चंद्र राजू, संजय श्रीवास्तव, रंजीत शर्मा, अतुल सिंह, अखिलेश पाठक, अमित कनोजिया, चंदन गुप्ता, अंकुश गुप्ता, मुन्ना यादव, अरुण अग्रहरी, मोहित गुप्ता, तरुण गुप्ता डंपी,अंश कुमार, अभिषेक, संदीप वैश्य आदि शामिल रहे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।